सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **47**
13/01/2026

# राज्यपाल ने मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर्व की बधाई और शुभकामनाएँ दी

**पटना 13 जनवरी, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि मकर संक्राति और लोहड़ी के पर्वों का सांस्कृतिक महत्व है। इससे आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ता है। नये फसलों के घर आने की खुशी में लोहड़ी का पर्व मनाया जाता है।

राज्यपाल ने कामना की है कि मकर संक्राति एवं लोहड़ी का पर्व लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये।

...........................................